# कार्यालय प्रमुख अभियंता
# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
# इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 461 /स्था./प्र.अ./लोस्वायांवि/2026 अटल नगर, दिनांक 09/02/2026

प्रति,

संचालक,
जनसंपर्क संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर।

**विषयः—** **केमिस्ट भर्ती परीक्षा 2025 (PHEC25) के परीक्षा परिणाम उपरांत प्रथम कांउसिलिंग बाबत्।**

संदर्भ :—
1. शासन का पत्र कमांक एफ 2—1/2024/34—1, दिनांक 26.09.2024.
2. शासन का पत्र पृ.कमांक एफ 2—1/2024/34—1, दिनांक 15.10.2024.
3. इस कार्यालय का पत्र कमांक 4817/स्था/प्र.अ./दिनांक 23.09.2025.
4. छ.ग. व्यापम का पत्र कमांक 409 दिनांक 27.01.2026.

**——00——**

विषयांतर्गत इस कार्यालय के संदर्भित पत्र कमांक—3 के निरंतरता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केमिस्ट के 12 रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन कमांक जी—252600479/5 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के प्रावीण्य सूची के आधार पर अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 18..02.2026 समय प्रातः 10:30 बजे से, हॉल कमांक—02, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में रखा गया है। कांउसिलिंग का विस्तृत विवरण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वेबसाइट **http://phed.cg.gov.in** पर देखा जा सकता है।

अतः संलग्न विज्ञप्ति को यथाशीघ्र प्रदेश के सभी प्रमुख समाचार पत्रों एवं रोजगार नियोजन में प्रकाशन करने का कष्ट करें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

(ओंकेश चन्द्रवंशी)
प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

पृ.क्र. 462 /स्था/प्र.अ./लोस्वायांवि/2026 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09/02/2026

प्रतिलिपिः—
1. सचिव, छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य अभियंता, लोस्वायांवि, परिक्षेत्र रायपुर/बिलासपुर/जगदलपुर की ओर प्रेषित कर निर्देश है कि, अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा करावें।
3. अधीक्षण अभियंता, लोस्वायांवि, मण्डल रायपुर/दुर्ग/बिलासपुर/अंबिकापुर/जगदलपुर/कोण्डागांव की ओर प्रेषित कर निर्देश है कि, अपने नोटिस बोर्ड में चस्पा करावें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

*Chemist-26 G*

## कार्यालय प्रमुख अभियंता,
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
### –:विज्ञप्तिः–
### दस्तावेजों के सत्यापन बाबत् सूचना
––00––

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केमिस्ट के रिक्त पदों की भर्ती हेतु समाचार पत्रों के विज्ञापन क्रमांक जी–252600479/5 द्वारा जारी विज्ञापन के संबंध में व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम मेरिट सूची के आधार पर निम्न अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता के सत्यापन हेतु दस्तावेजों का परीक्षण दिनांक 18.02.2026 को समय प्रातः 10:30 बजे से स्थान हॉल क्रमांक–02, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (दूरभाषः–0771–2221656) में किया जाना है। जो निम्नानुसार है :–

**अनारक्षित (मुक्त)** के रिक्त पद 03 अभ्यर्थी का रोल नंबर **16030078, 25020148, 13110166, अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त)** के रिक्त पद 02 अभ्यर्थी का रोल नंबर, **13080414, दिव्यांगजन OA–13040395, अनुसूचित जाति (मुक्त)** के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर, **13100176 अनुसूचित जनजाति (मुक्त)** के रिक्त पद 04 अभ्यर्थी का रोल नंबर, **11020285, 25030215, 13060186, 13100080, अनारक्षित (महिला)** के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर, **16050221 अनुसूचित जनजाति (महिला)** के रिक्त पद 01 अभ्यर्थी का रोल नंबर **25010247**

टीप :–

(1) कांउसिलिंग की निर्धारित तिथि को निर्धारित समय 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कांउसिलिंग में अनुपस्थित रहने पर दोबारा मौका नहीं दिया जावेगा।

(2) दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने का तात्पर्य यह नहीं है कि संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जावेगी। नियुक्ति मेरिट के आधार पर संवर्गवार रिक्त पदों की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार की जावेगी।

(3) जारी विज्ञापन में विहित शैक्षणिक अर्हता "किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान के साथ बी.एस.सी. उत्तीर्ण होना चाहिये।" **उक्त विहित शैक्षणिक अर्हता से हटकर अन्य अर्हताधारी अभ्यर्थी के नाम पर कांउसिलिंग में विचार नहीं किया जावेगा।**

(4) अभ्यर्थियों को सत्यापन हेतु व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की अंकसूची, हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, बी.एस.सी. का अंकसूची, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगजन प्रमाण पत्रों के **मूल दस्तावेज एवं एक सेट** स्वप्रमाणित छायाप्रति सहित लाना अनिवार्य है। वांछित प्रमाण पत्रों के अभाव में कांउसिलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा।

(5) कांउसिलिंग हेतु व्यापम से प्राप्त मेरिट के अनुसार उम्मीदवारों को पृथक से पत्र उनके निवास के पते पर प्रेषित किये गये है। विस्तृत विवरण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वेबसाइट **http;//phed.cg.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(6) दिव्यांगजन हेतु विज्ञापित पद संख्या अनुसार दिव्यांगजन में चयनित अभ्यर्थी जिस संवर्ग का है उस संवर्ग के रिक्त पदों में पूर्ति मानकर उक्त संवर्ग में रिक्त पदों की संख्या में कमी की जावेगी।

(7) कांउसिलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता देय नही होगा।

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 463 /स्था./प्र.अ./लोस्वायांवि/2026 अटल नगर, दिनांक 09/02/2026

प्रति,

श्री/श्रीमती/कु. ......................................

रोल नंबर ..................................................

**विषयः—** **केमिस्ट के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु मूल दस्तावेजों के परीक्षण हेतु कॉल लेटर।**

संदर्भः— 1. विभाग द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन क्रमांक जी—252600479/5
2. छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम।

**——00——**

उपरोक्त विषय पर छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में आपका नाम सरल क्रमांक ...................... पर अंकित है।

निर्धारित अर्हता अनुसार दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 18.02.2026 को समय प्रातः 10:30 बजे से आयोजित है। सत्यापन के लिये इस कॉल लेटर के साथ संलग्न प्रपत्र में जानकारी मूल प्रमाण—पत्रों एवं उनकी स्वप्रमाणित एक प्रति सहित दिनांक 18.02.2026 को उपस्थित होवें। **कृपया टीप करें कि निर्धारित तिथि को 10:30 तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा।**

**काउसिलिंग में मूल दस्तावेजों के परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित नहीं होने पर पुनः कांउसिलिंग में शामिल होने का अवसर नहीं दिया जावेगा एवं मेरिट सूची के आधार पर अगले कम के अभ्यर्थी के नाम पर विचार किया जावेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।**

स्थानः— हॉल क्रमांक—02, लॉबी, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर।

नोट :— लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वेबसाइट **http;//phed.cg.gov.in** पर कांउसिलिंग का विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

संलग्नः— प्रपत्र

प्रमुख अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
छत्तीसगढ़, अटल नगर

*Chemist-26 G*

# प्रपत्र

पासपोर्ट फोटो
स्वयं हस्ताक्षरित

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मेरिट क्रमांक | |
| 2. | प्रार्थी का नाम व पिता का नाम | |
| 3. | मोबाईल नंबर | |
| 4. | रोल नंबर | |
| 5. | श्रेणी (अनारक्षित / अपिव / अजा / अजजा / महिला / दिव्यांगजन) | श्रेणी .................. <br> प्रमाण पत्र क्र. ..................... दि. ................. जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम............................................. (प्रमाण पत्र की छायाप्रति) |
| 6. | जन्म तिथि | ........................................................ (हाई स्कूल प्रमाण पत्र की छायाप्रति) |
| 7. | दिनांक 01.01.2025 को आयु | ................वर्ष ................ माह ................... दिन |
| 8. | 10 वीं की अंकसूची | बोर्ड / संस्था का नाम ...................................... <br> परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष .............................. |
| 9. | 12 वीं की अंकसूची | बोर्ड / संस्था का नाम ...................................... <br> परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष .............................. |
| 10. | शैक्षणिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एक विषय के रूप में रसायन विज्ञान के साथ बी.एस.सी. उत्तीर्ण होना चाहिये। | प्रमाण पत्र / अंकसूची ............................................ <br> अंकसूची क्र. .................................... दि. ........................... वर्ष ......... <br> संस्था का नाम ................................................. (अंकसूची की छायाप्रति) |
| 11. | छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र क्र. ..................... दि. ................. जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम ................................................ (प्रमाण पत्र की छायाप्रति) |
| 12. | जाति प्रमाण पत्र | प्रमाण पत्र क्र. ..................... दि. ................. जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम ................................................ (प्रमाण पत्र की छायाप्रति) |
| 13. | दिव्यांगजन प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी | प्रमाण पत्र क्र. ..................... दि. ................. जारी करने वाले अधिकारी का पदनाम ................................................ (प्रमाण पत्र की छायाप्रति) |
| 14. | स्वप्रमाणित संलग्न दस्तावेजों की संख्या | ................................ नग। |

हस्ताक्षर